# केन्द्रीय उत्पाद शुल्क निरीक्षकों की विभागीय परीक्षा

## प्रश्न पत्र–तृतीय प्रशासन (सपुस्तक)

**दिनांक :17.06.2015** **पूर्णांक : 100**

**समय:10.00 पू० से 01.00 अ०** **उत्तीर्णांक : 50**

टिप्पणी :–

1. किन्हीं **पाँच प्रश्नों के उत्तर** दीजिए।
2. **प्रश्न सं0–1 अनिवार्य है**, सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. परीक्षार्थी हिन्दी में उत्तर दे सकते हैं।
4. सभी उत्तरों के साथ सुसंगत प्राधिकार का उल्लेख अवश्य करें।

सम्बन्धित पुस्तकें :–

1. मूल नियम और अनुपूरक नियम (सप्लीमेंटरी रूल्स)
2. केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम
3. केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम
4. सामान्य भविष्य निधि नियम
5. सामान्य वित्तीय नियम
6. केन्द्रीय कोषागार नियम

**प्रश्न–1 निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं पांच को परिभाषित करें :–** **[5 * 4]**

(क) शिशु देख–भाल अवकाश
(ख) सी.सी.एस. (सी.सी.ए.) नियम के अधीन अनुशासन प्राधिकारी
(ग) अवकाश यात्रा छूट नियम में यथा परिभाषित "परिवार"
(घ) सी.सी.एस. (सी.सी.ए.) नियम के अधीन "सचिव"
(ङ) सी.सी.एस. (आचरण) नियम के अधीन "परिवार के सदस्य"
(च) केंद्रीय कोषागार नियम के अधीन "सरकारी लेखा"
(छ) सामान्य भविष्य निधि के अधीन "लेखा अधिकारी"

**प्रश्न–2 सही उत्तर का चयन करें :–** **[10 * 2]**

(1) सी.सी.एस. आचरण नियम के अधीन प्रदर्शन और हड़ताल परिभाषित किए गए हैं।
(क) नियम 7 (ख) नियम 4
(ग) नियम 5 (घ) नियम 6

(2) अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्ति के कारण सम्बन्धित कार्मिक के जी.पी.एफ. का अंशदान रोक दिया जाता है :–
(क) सेवानिवृत्ति के एक माह पूर्व (ख) सेवानिवृत्ति के दो माह पूर्व
(ग) सेवानिवृत्ति के तीन माह पूर्व (घ) सेवानिवृत्ति के चाह माह पूर्व

(3) एफ.आर.एस.आर. से क्या तात्पर्यित है?
(क) वित्तीय नियम और सेवा नियम (ख) मूल नियम और सेवा नियम
(ग) वित्तीय नियम एवं अनुपूरक नियम (घ) मूल नियम और अनुपूरक नियम

(4) सी.सी.एस. (आचरण) नियम, 1964 में सरकार से तात्पर्यित है :
(क) राज्य सरकार (ख) केन्द्र सरकार
(ग) क और ख दोनों (घ) इनमें से कोई नहीं

(5) परिनिश्चित अंशदान पेंशन योजना (नयी पेंशन योजना) के अधीन कर्मचारियों को पी.आर.ए.एन. कौन आंवटित करता है ?
(क) आहरण और संवितरण अधिकारी (ख) मुख्यालय
(ग) वेतन एवं लेखा अधिकारी (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(6) 1680 किलोमीटर की दूरी अंतर्ग्रस्त करते हुए स्थानांतरण पर एक केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी को अनुमेय कार्यग्रहण समय, जहाँ स्थानांतरण सड़क मार्ग से 200 किलोमीटर से अधिक लगातार यात्रा आवश्यक रूप से अंतर्ग्रस्त नहीं करता है, ............... है
(क) 10 दिन (ख) 12 दिन
(ग) 15 दिन (घ) 18 दिन

(7) अर्जित अवकाश साधारणः निम्नलिखित के साथ संयुक्त की जा सकती है :

(क) आकस्मिक अवकाश, अर्द्धवेतन अवकाश, प्रसूति अवकाश (ख) अध्ययन अवकाश, आकस्मिक अवकाश, प्रसूति अवकाश

(ग) अध्ययन अवकाश, अर्द्धवेतन अवकाश, प्रसूति अवकाश (घ) आकस्मिक अवकाश, अस्पतालीय अवकाश, पितृत्व अवकाश

(8) निम्नलिखित में से कौन–सा ब्याज मुक्त अग्रिम "नहीं" है।

(क) साइकिल क्रय करने के लिए अग्रिम (ख) स्कूटर/मॉपेड क्रय करने के लिए अग्रिम

(ग) त्योहार अग्रिम (घ) चिकित्सीय इलाज से सम्बन्धित अग्रिम

(9) सी.सी.एस. (अवकाश) नियम, 1972 के अनुसार अर्जित अवकाश की मंजूरी के लिए कौन सक्षम प्राधिकारी नहीं है ?

(क) कार्यालयाध्यक्ष (ख) विभागाध्यक्ष

(ग) प्रशासक (घ) नियंत्रक–महालेखा परीक्षक

(10) सी.सी.एस (आचरण) नियम, 1964 का नियम 11 उपबंधित करता है।

(क) समिति के समक्ष साक्ष्य (ख) अनाधिकृत सूचना का संप्रेषण

(ग) चुनाव (घ) उपहार

**प्रश्न–3 निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> संक्षिप्त टिप्पणी लिखें : [2 * 10]**

(क) सरकारी कर्मचारियों को प्रोन्नति पर वेतन निर्धारण से सम्बन्धित क्या विकल्प उपलब्ध है?

(ख) एक अफसर 1100 कि.मी. दूर दूसरे स्टेशन को स्थानांतरण पर 25 मार्च को पूर्वाह्न में कार्यमुक्त किया गया। 26 मार्च को अवकाश था। उसने रेल से यात्रा की और रेलगाड़ी रास्ते में रेलवे कर्मचारियों के हड़ताल के कारण 48 घण्टे रूकी रही। इस मामले में अनुमेय कार्यग्रहण समय की संगणना करें और अंतिम दिनांक को विनिर्दिष्ट करें जिस दिनांक तक अधिकारी को नये स्टेशन पर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण करना चाहिए।

(ग) जी.पी.एफ. अग्रिम की मंजूरी के प्रयोजन की व्याख्या करें।

**प्रश्न–4 निम्नलिखित का वर्णन (नियम सहित) करें :– [4 * 5]**

(क) सरकारी सेवक द्वारा अपने नाम से या अपने परिवार के किसी सदस्य के नाम से चल सम्पत्ति अर्जित करना।

(ख) सरकारी सेवक द्वारा उन व्यक्तियों से मुफ्त परिवहन सुविधा प्राप्त करना जिन व्यक्तियों से वह कार्यालयी/सरकारी व्यवहार करता हो। – परिनिंदा और चेतावनी में अन्तर

(ग) अर्जित अवकाश और रूपांतरित अवकाश

(घ) उन कार्यों की सुस्पष्ट सूची बनाएं जिनके लिए मानदेय का संदाय नहीं किया जाना चाहिए।

**प्रश्न–5 निम्नलिखित का वर्णन करें :–**

(क) मुख्य और लघुशास्ति की गणना करें **[10]**

(ख) अध्ययन अवकाश से क्या तात्पर्यित है? अध्ययन अवकाश के विभिन्न उपबंधों का वर्णन करें। **[5]**

(ग) अनंतिम पेंशन की प्रक्रिया क्या है जहाँ विभागीय कार्यवाही लंबित है? **[5]**

**प्रश्न–6 निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें। [4 * 5]**

(क) निलम्बन

(ख) स्वैच्छिक सेवा निवृत्ति

(ग) एक प्रकार की छुट्टी को दूसरे में रूपांतरित

(घ) सामान्य कार्यवाही

**प्रश्न–7 निम्नलिखित का वर्णन करें :– [2 * 10]**

(क) सामान्य भविष्य निधि नियम के अधीन निधि से प्रत्याहरण को शासित करने वाले नियम क्या है? उन प्रयोजनों की व्याख्या करें, जिनके लिए एक सरकारी कर्मचारी प्राप्त कर सकता है।

(ख) चल सम्पत्ति के संदर्भ में विभाग को सूचना देने से सम्बन्धित क्या उपबंध है? सूचना स्वीकार करने के लिए सक्षम प्राधिकारी कौन है।

******